तहसीलदार,
रामनगर,

महोदय,

आपके पृष्ठाकिंत आदेश दिनांक 12.02.2024 के अनुपालन में प्रार्थी चन्दन किशोर आर्या पुत्र स्व0 नन्दकिशोर, निवासी मौहल्ला- हनुमानगढी, कोसी रोड, तहसील रामनगर, जिला नैनीताल के प्रार्थना-पत्र की जांच की गयी, जॉच आख्या अनुसार प्रार्थी के प्रार्थना पत्र एंव शपथपत्र के अनुसार प्रार्थी अपनी सगी नानी के साथ मोहल्ला- हनुमानगढी कोसी रोड़, रामनगर, जिला नैनीताल में रहता है एंव प्रार्थी के पास अपना घर नही है, और प्रार्थी व प्रार्थी के भाई, दो बहने अपनी नानी पर ही आश्रित है, प्रार्थी के पास आय का कोई अन्य साधन नही है, प्रार्थी की माता की मृत्यु दिनांक 17.04.2018ई0 को हो चुकी है। प्रार्थी का एक भाई व दो बहने है, जो अविवाहित है, प्रार्थी के पास सम्पूर्ण भारत वर्ष में कही भी कोई चल-अचल सम्पत्ति नही है ।

अतः जॉच रिर्पोट संस्तुति सहित सेवा में प्रेषित है।